
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल से गर्भवतियों की मुश्किलें बढ़ने लगी

**आक्रोश**

## नहीं ली जा रही आशाओं की सुध, बढ़ा आक्रोश

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद में वर्तमान में आशा कार्यकर्ताओं की हडताल के कारण दूर दराज के पर्वतीय गांवों में गर्भावस्था से जूझ रही महिलाओं की परेशानी बढ़ने लग गई है। बता दें कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने व जांच कराने के लिए आशा आशा कार्यकर्ताओं की अहम जिम्मेदारी होती है। वही जिले में पिछले दो सप्ताह से भी ज्यादा तक गुजर चुका है। ऐसे में अब तक आशा कार्यकर्ताओं की हडताल के चलते गर्भावस्था से जूझ रही महिलाओं की मुसीबतें अब बढ़ने लगी है। हालात ऐसे है कि आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल में जाने की वजह से दूर दराज के ग्रमीण क्षेत्र की महिलाएं अस्पताल में नही पहुंच पा रही है।




आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल का असर अब खासा देखने को मिल रहा है। गांवों में जरूरतमंदों तक वर्तमान में आशा कार्यकर्ताओं सरकार की कई योजनाओं को भी घर घर तक पहुंचानें में अहम भूमिका निभाती है। मगर कार्य बहिष्कार के चलते अब आगे कुछ कहना खासा कठिन साबित होने लगा है। आशा कार्यकर्ताओं ने दो टूक लफ्जों में कहा है कि जब तक उनकी मांगें नही मानी जाती है। उनका प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। सीमांत जनपद में आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल जहां वर्तमान में रोजाना जारी है। अब तक राज्य सरकार द्वारा सुध न लिये जाने से ये आशा कार्यकर्ताआ अब आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है। आशा वर्कर्स का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, वह काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

जिला मुख्यालय में स्थानीय गांधी चौक में उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले जिलाध्यक्ष इंद्रा देऊपा के नेतृत्व में एकत्र कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्कार आगे बढ़ाया। इस दौरान हुई सभा में आशा वर्कर्स ने कहा कि एक ओर नारी सशक्तीकरण की बात कही जाती है, वहीं दूसरी ओर आशाओं का लगातार शोषण किया जा रहा है।

आलम यह है कि अतिरिक्त डयूटी देने के बावजूद भी अब तक सरकार द्वारा इनकी उपेक्षा की जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं की हडताल ने अब सडकों पर उतरकर अपने अपने स्तर से प्रदेश सरकार को मांगे न मानें जाने तक कढ़ा आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दे डाली है।

## न्यूज डायरी

### वंदना के घर के बाहर पटाखे फोड़ने और अभद्रता का तीसरा आरोपित गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के घर के बाहर आतिशबाजी करने वाला तीसरा आरोपित भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने अभी तक नामजद दो भाइयों अंकुर पाल और विजय पाल को गिरफ्तार किया था। वहीं, तीसरा नामजद आरोपित सुमित चौहान पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। पुलिस ने आज उस पर कानूनी शिकंजा कसने के लिए कोर्ट से गैर जमानती वारंट लेने की तैयारी में थी। उससे पहले ही मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आज सुबह आरोपित सुमित चौहान को रोशनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी सेंथिल अवूदई कृष्णराज एस ने बताया कि उसे कोर्ट में पेश किया जा रहा है। आपको बता दें कि पुलिस ने इस प्रकरण में तीनों नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवा रोजगार पाने के लिए पलायन को मजबूरः प्रीतम सिंह

**संवाददाता** रुद्रपुर। उत्तराखंड में युवा रोजगार पाने के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। किसानों का ऋण भी माफ नहीं हुआ है। अर्थव्यवस्था चरमरा चुकी है। विकास कार्य अधर में लटके हुए हैं। यह बात नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने शनिवार को कांग्रेस जिला कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में कही। नेता प्रतिपक्ष सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि वर्ष, 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता में आने के लिए प्रदेशवासियों को बड़े–बड़े सपने दिखाए थे। एक भी वादा पूरा नहीं किया। कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष रंजीत रावत ने कहा कि भाजपा सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जीत राम आर्य ने कहा कि विकास की सोच सिर्फ कांग्रेस के पास है।

### जेके टायर के वित्त वर्ष 2022 की पहली तिमाही में शानदार परिणाम

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने वित्तीय वर्ष 2021–22 की पहली तिमाही के दौरान शानदार परिणाम पेश करते हुए 2618 करोड़ रूपये की शुद्ध आय पर कर पश्चात 44 करोड़ रूपये का लाभ दर्शाया है। कम्पनी द्वारा अर्जित 2618 करोड़ रूपये की आय 130 प्रतिशत ज्यादा है। वर्ष दर वर्ष पर एबिडिटा भी महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ 289 करोड़ रूपये के हो गये। उक्त तिमाही में कर पूर्व लाभ 75 करोड़ रूपये का एवं कर पश्चात लाभ 44 करोड़ रूपये का रहा है। परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. रघुपति सिंघानिया, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ने कहा, महामारी और लॉकडाउन के चलते इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही की शुरूआत नरम रही।

# आशाओ ने मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

**संवाददाता** पुरोला। गत कई वर्षो से स्वास्थ्य विभाग में प्रोत्साहन राशि पर कार्य कर रही आशा कार्यकत्रियो ने पुरोला मे जुलूस प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा । आशाओ ने मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। विगत कई वर्षो से ग्रामीण स्वास्थ्य, जच्चा,बच्चा व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमो में बिना मानदेय प्रोत्साहन राशि पर कार्य कर रही आशा कार्यकत्रि गत कई माह से मासिक मानदेय देने व राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग सरकार से कर रही है लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा कोई भी सकारात्मक कार्रवाई न होने पर आशा कार्यकत्रि संगठन के बैनर तले आशाओ ने शनिवार को सीएचसी से तहसील कार्यालय तक जुलूस प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में आशाओ को राज्य कर्मचारी घोषित करते हुए 21हजार रूपये मानदेय देने,सेवा निवृत होने पर पेंशन देने, कोविड कार्य में लगी आशाओ का 50लाख का बीमा करने,4 लाख का अनुग्रह अनुदान देने आदि मांग की है। आशा फैसिलिटेटर ने भी आशाओ के साथ जुलूस प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में 30दिन का निश्चित मानदेय देने,ड्रेस उपलब्ध कराने,यात्रा भत्ता देने आदि कि मांग की है। संगठन की अध्यक्ष अम्बेश्वरी देवी, संगीता, सुनीता,नर्वदा,अम्बिका आशा फैसिलिटेटर आदि मौजूद थे।




## सीएम धामी ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत से भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की।

# वंदना कटारिया के शानदार प्रदर्शन से प्रदेश का मान सम्मान बढ़ाः सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से टोकियो ओलंपिक में प्रतिभाग करने वाली भारतीय हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया से बात कर शानदार प्रदर्शन के लिए वंदना एवं महिला हॉकी टीम में प्रतिभाग करने वाली सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मनोबल बनाए रखने को कहा।



मुख्यमंत्री ने कहा की वंदना कटारिया के शानदार प्रदर्शन से प्रदेश का मान सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने वंदना को टोकियो से वापस आते ही मुख्यमंत्री आवास में मिलने हेतु आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा की खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में नई खेल नीति बनाई जा रही है। जिसमें विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाडी वंदना कटारिया को 25 लाख रुपए दिये जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वंदना कटारिया को तीलू रोतेली पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने वंदना कटारिया के भाई सौरभ कटारिया से भी फोन से वार्ता कर वंदना के शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी।

भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने उनके उत्साह वर्धन पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ेगी यूकेडी, जल, जंगल जमीन व युवा मुद्दों पर चुनाव की तैयारी

**संवाददाता** नैनीताल। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल सक्रिय नजर आने लगी है। आखिरकार पार्टी शीर्ष नेतृत्व को पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं की जरूरत महसूस होने लगी है। जिसको देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा वृहद स्तर पर युवाओं को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव युवाओं को साथ लेकर जल जंगल जमीन और युवा मुद्दों को लेकर लड़ा जाएगा। शनिवार को उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्ताओं द्वारा नैनीताल क्लब में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व विधायक नारायण जंतवाल ने कहा कि राज्य निर्माण के 20 वर्ष गुजर जाने के बाद भी मूल अवधारणा को लेकर भाजपा और कांग्रेस कोई विकास नहीं कर पाई। जिन मांगो और विकास को लेकर संघर्ष किया गया था आंदोलनकारियों के वह सपने साकार नहीं हो पाए। बैठक में करीब तीन दर्जन कार्यकर्ताओं को यूकेडी की सदस्यता दिलाई गई।